जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

क्र. जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2016/719 दिनांक : 15.03.2016

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष,
अध्ययनशाला,
जीवाजी विश्वविद्यालय,
ग्वालियर (म.प्र.)

विषयः- स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर सी.बी.सी.एस. पाठ्यक्रम के आन्तरिक एवं बाह्य परीक्षाओं के अंक ऑनलाईन किये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2015-16 से समस्त अध्ययनशालाओं में स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में सी.बी.सी.एस. पाठ्यक्रम लागू किया गया है। जिनकी परीक्षायें विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न कराई जा चुकी हैं एवं ऑनलाईन अंक भरने की लिंक प्रारंभ की जा चुकी है।

अतः समस्त अध्ययनशाला यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा ऑनलाईन अंक भरे जा चुके हैं। या नहीं? उक्त कार्य में यदि स्कीम में त्रुटि जैसी कोई समस्या सामने आती है तो उस समस्या के निराकरण हेतु तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय के कक्ष क्रमांक-24 में अवगत करायें जिससे समस्या का निराकरण किया जा सके।, एवं अंक समयावधि में ऑनलाईन कराये जा सके।

नोट- ऑनलाईन अंक भरने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि पाठ्यक्रम की स्कीम में ऑनलाईन त्रुटि तो नहीं है। यदि ऐसा है तो तत्काल प्रभाव से स्कीम की एक फोटो स्टेट के साथ विश्वविद्यालय में सम्बंधित से त्रुटि में सुधार अवश्य करावें। ऑनलाईन अंक भरने की लिंक दिनांक 18.03.2016 तक समय रात 12.00 बजे तक के लिए खोली जा रही हे। समस्त अध्ययनशाला समयावधी में अंक ऑनलाईन कर हार्ड कॉपी 19.03.2016 तक विश्वविद्यालय की सम्बंधित शाखा में जमा करावें। तिथि समाप्त होने के पश्चात् किसी भी स्थिति में अंक स्वीकार नहीं किये जावेगें।

विशेष नोटः- Edit/ Branch Paper Detail Link के द्वारा सभी छात्रों के प्रश्न-पत्र अपडेट करने के उपरांत ही आन्तरिक एवं बाह्य परीक्षाओं के अंक ऑनलाईन अपडेट किये जा सकेंगें।

परीक्षा जैसे अत्यावश्यक कार्य में सहयोग प्रदान करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
3. एम.पी.ऑनलाईन को इस निर्देश के साथ कि वे दिनांक 18.03.2016 को रात 12.00 बजे तक लिंक खोलें।

उप-कुलसचिव (परीक्षा)